**Reference by the Speaker regarding the tragic incident of Terrorist Attack on Parliament House on 13th December, 2001 and Homage to Martyrs**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, आज यह सदन और सम्पूर्ण देश 13 दिसम्बर, 2001 की उस दुःखद घटना को गहरी संवेदना के साथ स्मरण कर रहा है, जब कुछ आतंकवादियों द्वारा हमारे लोकतंत्र के उच्चतम प्रतीक, भारत की संसद पर हमला किया गया था ।

संसद परिसर की सुरक्षा में तैनात हमारे सतर्क सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए इस हमले को नाकाम कर दिया था । आतंकवादियों के इस हमले का बहादुरी से सामना करते हुए संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 8 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे । इस हमले में एक सीपीडब्ल्यूडी कर्मचारी भी शहीद हुए थे ।

यह सभा 13 दिसम्बर, 2001 के आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए वीर गति को प्राप्त सभी महान शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है और उनके परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती है ।

इस अवसर पर हम आतंकवाद का मुकाबला करने के अपने संकल्प को पुनः दोहराते हैं और अपनी मातृभूमि की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के अपने संकल्प की पुनः पुष्टि करते हैं ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौनखहा खड़ी रहेगी ।

**11.01 hrs**

*The Members then stood in silence for a short while*.

माननीय अध्यक्ष**:** ओम शांति: शांति: शांति: ।

---

**12.01 hrs**